# हिंदी भाषा, हिंदी शब्द संसाधन / हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु प्रणाली का संक्षिप्त परिचय

हिंदी भाषा, हिंदी शब्द संसाधन / हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु प्रणाली तैयार किए जाने का मुख्य उद्‌देश्य एक ओर जहां केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान / हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत देश भर में चलाए जा रहे सभी प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को केंद्र सरकार के अधीनस्थ कार्यालयों / कार्मिकों तक ऑनलाइन माध्यम से पहुँचाना है वहीं उनकी मॉनीटरिंग को सुगम बनाना भी है। इस प्रणाली के माध्यम से जहाँ सभी कार्यालय / कार्मिक, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान / हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत देश भर में आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को ऑनलाइन देखकर उनमें अपना नामांकन करवा सकेंगे वहीं संस्थान के उच्च अधिकारी उन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रशिक्षार्थियों की संख्या एवं अन्य जानकारियां ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे। इससे न केवल समय एवं श्रम बचेगा बल्कि हिंदी प्रशिक्षण के क्षेत्र में नए आयाम भी स्थापित होंगे।